भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

अमर उजाला

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 12.12.2018

बायोगैस ऐप से किसान बेचेंगे जैविक फसल

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। किसानों को अब बिचौलियों से राहत मिल सकेगी और फसलों को बेचने के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। किसान जैविक फसल, खाद और ईंधन सीधे खरीददार को बेच सकेंगे। इसके लिए आईआईटी बीएचयू के मालवीय नव प्रवर्तन एवं उद्यमिता संवर्धन केंद्र और इंडियन बायोगैस एसोसिएशन ने बुरहानी फाउंडेशन इंडिया की मदद से बायोगैस ऐप डिजाइन किया है।

केंद्र के समन्वयक प्रो. पीके मिश्रा ने बताया कि इस मोबाइल एप्लीकेशन का मुख्य उद्देश्य किसानों को ऐसा प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है जहां से उन्हें उनकी फसल के लिए बेहतर खरीददार मिल सकें। इससे किसानों के साथ उद्यमियों को भी फायदा पहुंचेगा। किसानों को अपने मोबाइल पर बायोगैस एप्लीकेशन डाउनलोड करना होगा। इस एप्लीकेशन में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए विक्रेताओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐप का परीक्षण वाराणसी से शुरू हो रहा है। अगले साल इसे आधिकारिक रूप से लांच किया जाएगा।

आईआईटी बीएचयू, इंडियन बायोगैस एसोसिएशन ने तैयार किया एप्लीकेशन